**श्री शिव चन्द्र झा** : राज्यों में सेस के बंटवारे का मापदंड क्या होगा ?

**श्री भागवत झा आजाद** : यह स्वाभाविक ही है कि जिस क्षेत्र से यह सेस लिया जाता है, वहां काम करने वालों पर अधिक से अधिक खर्च किया जाये । कुछ ऐसे क्षेत्र होते हैं, जहां से अधिक राशि मिलती है और कुछ क्षेत्रों से कम राशि मिलती है. अगर एक अखिल भारतीय फंड हो, तो सभी क्षेत्रों को उस से ही रकम दी जाती है । लेकिन साधारणत: अधिक से अधिक राशि वहीं श्रमिकों के उपकार के लिए खर्च की जाती है । सिद्धांतत: उस में कोई गलती नहीं है और हम उस के अनुसार काम भी करते है ।

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That the Bill, as amended, be passed."

*The motion was adopted.*

---

## AGRICULTURAL PRODUCE CESS (AMENDMENT) BILL

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE) : On behalf of Shri F. A. Ahmed, I move :

> "That the Bill further to amend the Agricultural Produce Cess Act, 1940 be taken into consideration."

There is already a law on the statute and this Bill only seeks to make some amendments. A few amendments are of a substantive nature while the others are of a consequential nature.

**15.32 hrs.**

[SHRI K. N. TIWARI *in the Chair*]

The Act has been force for sometime and the proceeds of the cess go to help the Indian Council of Agricultural Research. The House has appreciated the valuable contribution made by the ICAR for the development of agriculture in our country. One of the bright sides of our economy is the development of agriculture; it is due to the research work done in the field of agriculture. The 1940 Act provides for imposition of cess at the rate of one-half of one per cent *ad valorem* on all articles included in the Schedule to the Act which are exported from India. The Act, does not explicitly provide for levy of penalties in cases where the exporters attempt to evade payment of the cess. The amending Bill provides for some panalties in such cases.

Sometime back a Committee was appointed by the Government to go into the functioning of the customs houses and suggest simplification in the procedures adopted for the collection of customs duty. One of the suggestions of the Committee is that in supercession of the existing procedure of the collecting cess by cash on exports, the exporters, may be permitted, where the cess payable does not exceed Rs. 100, to affix customs revenue stamps equivalent to the cess payable on the basis of their own assessment of the value of the cargo. One of the amendments refers to this. Agricultural produce cess is in the nature of customs duty which is collected by the customs collectors. In actual practice, these Collectors have been exercising various powers vested in them under the Customs Act, 1962 in the matter of the collection of cess. It is now proposed to make a formal provision in the Agricultural Produce Cess Act to provide that the provisions of the customs Act, 1962 and the rules and regulations made there under shall apply to the levy and collection and refund under this Act also.

Then there is one more important amendment which improves upon the previous schedule. Already, under the original Act, under section 3, there is a schedule which enlists the commodities which are leviable for the cess under the Act. In the schedule to the principal Act, item 21 is "wool, raw". Now, instead of raw wool it is proposed to replace the existing item 21 by the words, "sheep's or lamb's wool or animal hair, whether or not scoured or cured." This is one of the amendments suggested in the Bill. Raw wool created

some doubts because raw wool may include some impurities and at the time of levying the customs duty, if the wool is a cleaned one, then perhaps somebody may make a point, perhaps even a legal point, that the cess is not leviable on the clean wool. So, in order to remove the doubt, we are clearing the position by amending item 21 to the schedule.

The other amendments are of a very minor nature. Where Central legislation has been referred to, we are putting in "Parliament." These are amendments which are not of much consequence, but they are necessary, because when the old legislation was enacted, Parliament was not there and the present Constitution was not there. So, some of these amendments are of a very minor nature which bring the law up to date.

I would submit to the House and to the hon. Members that the cess collected under this Act goes to the Indian Council of Agricultural Research for their research work. Therefore, it is not a controversial measure. I would seek the co-operation of all the members from all sections of the House so that this Bill is unanimously passed by this House.

MR. CHAIRMAN : Before I call other Members to speak, I have to make an amendment. The Prime Minister will make a statement at 6 p. m. today about Meghalaya.

Now, Mr. Meetha Lal Meena—absent, Mr. Y. D. Sharma—absent. Mr. Sarjoo Pandy.

**श्री सरजू पान्डेय** (गाजीपुर) : अध्यक्ष महोदय, अभी मंत्री महोदय भाषण कर रहे थे तो उन्होंने इस बिल का उद्देश्य बताया कि बिल क्यों लाया गया। उन्होंने यह कहा कि कृषि-उप-कर के बिल में इसलिए संशोधन किया जा रहा है कि जो बाहर माल भेजा जाता है हिन्दुस्तान से उस पर एक्सपोर्टर अगर टैक्स नहीं देना चाहता है तो उसे इस में कोई विधान नहीं है कि कैसे उस को सजा दी जाय। मुख्य उद्देश्य इस का यह है। और कुछ छोटे मोटे अमेंडमेंट्स हैं जिनका उन्होंने नाम लिया लेकिन मूल यही है। अव्वल तो इस के ऊपर हमारे साथी शिव चन्द्र झा जी ने एक अमेंडमेंट दिया है। उस अमेंडमेंट के द्वारा उन्होंने यह कहा है कि दण्ड को बढ़ा दिया जाय, 6 महीने की सजा दी जाय। मैं इस के पक्ष में तो नहीं हूं इसलिए कि आप चाहे कोई भी दण्ड बढ़ाइए, दण्ड प्रक्रिया को बढ़ाते रहिए इस देश में कुछ कल्याण नहीं हो सकता क्योंकि जो चोरी करने वाले हैं वह इस सरकार से भी ज्यादा शक्तिशाली हैं। वह इस के अफसरों को और दूसरे लोगों को काबू में कर के हमेशा चोरी करते रहते हैं और दण्ड से बचते रहते हैं। इसलिए चाहे दण्ड कुछ भी बढ़ा दिया जाय उस से कुछ होने वाला नहीं है। मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार इस उद्योग को अपने हाथ में क्यों नहीं लेती ? बजाय इस के कि प्राइवेट हाथों के जरिए इस काम को कराया जाय और यह रुपया मुनाफे में बदल जाय लेकिन अपने देश का माल बाहर के देशों में बेच कर हिन्दुस्तान के अन्दर उस का मुनाफा न लाएं और उस को उसी देश के खजाने में जमा करें, उस से ज्यादा बेहतर, ज्यादा कल्याणकारी यह होता कि इस को आप नेशनलाइज करते और सरकार के हाथों में देते। कानून इस के लिए बनाना चाहिए। अगर कानून यह बनाना चाहें कि जो टैक्स की चोरी करता है उस को हम सजा देंगे तो आप के भी बश की बात नहीं है। एक बात और मैं बता दूं। सोशलिज्म के लिए आप कितना भी कुछ करो लेकिन आप के यह जो नौकरशाह बैठे हैं यह बिलकुल एंटी समाजवादी विचारों के हैं। आप चाहे कानून कुछ भी बना लें, ऐसे अफसर यहां बैठे हुए हैं जो आप की जो मूलभूत नीतियां है हमारे देश के सम्बन्ध में उस पर अमल करने के लिए तैयार नहीं हैं।

इसलिए मैं पहली बात यह कहना चाहता हूं कि विदेशी व्यापार चाहे जो भी हो चाहे

[श्री सरजू पांडेय]

गल्ले का हो, या अन्य किसी चीज का, इस से जो पैसा मिलेगा वह कृषि अनुसंधान में लगेगा। यह आपकी भावना बड़ी अच्छी है, लेकिन जिन के जरिए आप यह काम कराना चाहते हैं वह इस कदर भ्रष्ट है कि आप चाहे जो कुछ भी कानून बना लें उस का हमेशा उलटा अर्थ लगाते हैं और इस तरह चोरों की सहायता करते हैं। जैसे मैं ने पहले कहा यह जो चोरी करने वाले हैं यह ज्यादा प्रभावशाली और ज्यादा शक्तिशाली हैं, इसलिए मेरा सुझाव यह है कि सिर्फ इसी का नहीं काफी उद्योगों का भी राष्ट्रीयकरण करिए, वरना ऐक्ट बनाने की कोई मंशा नहीं होता। हम रोज रोज ऐक्ट पास करते हैं। बीसों उदाहरण मैं दे सकता हूं। जमीन के प्रश्न को ले लीजिए। हम लोगों ने कानून बनाया। तमाम प्रान्तों ने बनाया। मगर जो ऐक्ट प्रान्तों ने बनाय उन का भी इम्प्लीमेंटेशन ठीक तौर से नहीं हुआ। हजारों लोग जो भूमि चोर हैं, उन की रक्षा के लिये आप की सेना खड़ी हो गई, जब कि हम उन जमींनों को गरीबों में बांटना चाहते थे, सही मायनों में उस मंशा को इम्पलीमेन्ट करना चाहते थे। इसी तरह से सैकड़ों कानून देश में बनते हैं, लेकिन आप की नौकरशाही उन का उल्टा प्रयोग करती है और उन का कोई लाभ नहीं होता है। इस लिये मैं चाहता हूं कि इस उद्योग का भी राष्ट्रीयकरण करें और इस को प्राइवेट हाथों में न जाने दें।

साथ ही सांथ मैं एक बात और कहना चाहता हूँ कि झा जी न जो अमेण्डमेन्ट दिया हैं—पेनल्टी के बारे में कि सजा 6 महीने दी जाय मैं उस का समर्थन नहीं करता हूं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। लेकिन मैं यह जरूर चाहता हूं कि जीजें ची शेड्यूल्ड से बाहर रह गई हैं, जैसे हाथी दात वगैनह, इन को भी शामिल कर लिया जाय।

मैं इस के सम्बन्ध में कोई लम्बा भाषण नहीं करना चाहता हूं लेकिन एक बात जरूर चाहता हू कि इस देश के कल्याण के लिये और सही मायनों में कृषि को इन्सन्टिव देने के लिये और यदि आप चाहते हैं कि इस की वसूली ठीक तरह से हो, तो आप इस को प्राइवेट हाथों में जाने से रोकें। इस को सरकार अपने हाथ में ले और इस से जो मुनाफा होता है, उस को अनुसंधान के कामों पर लगायें। लेकिन जब तक यह प्राइवेट हाथों में रहेगा, कभी भी भ्रष्टाचार रुक नहीं सकता। कस्टम के अधिकारियों की हालत मुझे मालूम है, करोड़ों रुपयों का माल दफ्तर में पड़ा रहता है, हजारों रुपये का माल 10-10 पैसे में नीलाम कर देते हैं, इस तरह से देश का नुकसान हो रहा है, क्योंकि आप के अधिकारी न समाजवाद को समझते हैं और न आप की भाषा को समझते हैं। जो जवान आप बोलते हैं, वह इन को मालूम नहीं है। इसलिये मैं चाहता हूं कि आप इस का राष्ट्रीयकरण करें ताकि जो पैसा इस से आये, उस का सही इस्तेमाल हो सके।

**श्री सत्य नारायण सिंह** (वाराणसी): सभापति महोदय, इस बिल की जो मंशा है, मैं उस का समर्थन करता हूं, लेकिन मैं मंत्री महोदय से यह निवेदन करना चाहता हूं कि आज जिन चीजों को हम बाहर निर्यात करते हैं, उस से जो कुछ आमदनी होती है, वह कृषि के उत्पादन को आगे बढ़ाने में लगाई जाय, कृषि आगे बढ़े, खाद्य की समस्या हल हो। लेकिन होता यह है कि जिन चीजों का निर्यात करते हैं, उन चीजों का धीरे धीरे हमारे मुल्क मैं उत्पादने बढ़ाने के बजाय घटता जा रहा है। वूल के मंशल को ही ले लीजिये। पहले गांव-

गांव में भेड़ें पाली जाती थीं, उन से वूल निकलता था, चरागाह होते थे और उसऊन को बाहर भेजा जाता था, जिससे हिन्दुस्तान को आमदनी होती थी। आज चरागाहें खत्म होती जा रहीं हैं, भेड़ों का पालना बन्द हो रहा है। इस तरह से जब हमारा उत्पादन बढ़ने के बजाय घटता चला जायगा, तो फिर हम निर्यात कहां से करेंगे। इसी तरह से जो अन्य चीजें हैं, उन के उत्पादन की तरफ भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये। जितना हमारा उत्पादन बढ़ेगा, उतना ही निर्यात बढ़ेगा और हमारे देश को ज्यादा आमदनी होगी और उस को देश के अन्य साधनों में लगाया जा सकेगा।

इस दृष्टि से यदि सरकार इन सारी चीजों की तरफ ध्यान दे और अपने निजाम को इस ढंग से बदले कि हमारा एटीचूड शरे राष्ट्र के विकास की तरफ लगे, तब हमारा उद्देश्य पूरा हो सकता है। आज बहुत से बिल बनाये जाते हैं, लेकिन जीवन का अनुभव यह बताता है कि वे सब बेकार पड़ जाते हैं। हम जिस उद्देश्य से किसी बिल को बनाते हैं, लेकिन उस का परिणाम उलटा निकलता है। आज तक जो बिल बने हैं उनको ठीक ढंग से लागू करने के लिए गयर आपकी मशीनरी उसके काबिल नहीं होगी जो कि उसमें विश्वास करती हो तो आपका पूरा नहीं होगा। अगर आप चाहते हैं कि ये चोजें इस ढंग से बनाई जायें, इस प्रकार से निर्माण किया जाये जिससे कि वह आगे बढें लेकिन अगर उसी उद्देश्य से आपकी मशीनरी काम नहीं करेगी तो इस देश को कोई लाभ नहीं होगा। आज हमें चारों तरफ दिखाई पड़ता है कि किसी किस्म का छोटा सा संकट भी मुल्क में पैदा हो जाता है तो उससे नाजायज फायदा उठाने की प्रवृति देश में बढ़ती जा रही है। यह क्यों हो रहा है? यह इसलिए हो रहा है कि जो लोग जहां पर बैठे हैं वे राष्ट्र के प्रति, देश, जनता और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को महसूस नहीं करते हैं। इसलिए मैं मंत्री जी से कहूंगा कि जब आप इस तरह का बिल बनायें तो उसका ठीक से संचालन करने और उसको ठीक से लागू करने के लिए संगठन भी उसी तरह का बनाया जाना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होगा तो हमारी मंशा रहती है वह कभी पूरी न ही होगी।

इन शब्दों के साथ में इसका समर्थन करता हूं।

**श्री शिव चन्द्र झा** (मधुबनी) : सभापति जी, यह एक छोटा सा विधेयक है जिसके जरिए से आप मोटे तौर पर कुछ परिवर्तन लाना चाहते हैं। जैसे कि शेड्यूल्ड में वूल की जगह पर आप यह परिवर्तन लाना चाहते है :

"Sheep's or lamb's wool and animal hair, whether or not scoured or carded."

मंत्री महोदय ने यहां पर भाषण करते हुए यह साफ नहीं किया कि शीप और लैम्ब वूल और एनिमल हेयर का सन 40 या 47 के बाद से इस देश से कितना एक्सपोर्ट हो रहा है जिस पर कि सेस इवेड किया जाता है और जिसका कि आपको शक है कि ये चीजें कस्टम की मार्फत एक्सपोर्ट की जाती हैं और इससे जो ड्यूटी आनी चाहिए वह नहीं आ रही है? इसका हिसाब उन्होंने नहीं दिया। मैं चाहूंगा कि जरा वे बतायें कि कितना अब तक शीप और लैम्ब वूल और एनिमल हेयर गया है? वे इस बात की भी सफाई करें कि कौन कौन से एनिमल हेयर एक्सपोर्ट होते है जिन पर कि सेस इवेड किया जाता है। इसकी सफाई उन्होंने नहीं की है। अब आपने इसमें जो बढ़ाया उस पर मेरा भी एक संशोधन है जिस पर कि मैं बाद में बोलूंगा। मैं समझता हूं जिसके लिए यह विधेयक है, जिन चीजों पर आप सेस लगाना चाहते हैं जैसे एनिमल हेयर है उसी तरह से बाघ की खाल है जो कि नेपाल में जाती है और उस पर सेस के रूप में जो एक छोटी सी रकम मिलनी चाहिए

[श्री शिव चन्द्र झा]

वह नहीं मिलती है। इसी तरह से हाथी का दांत है। वह भी बाहर जाता है। तो इन चीजों को भी इसमें जोड़ देना चाहिए। मैं चाहूंगा कि मन्त्री जी सफाई दें कि इन चीजों को जोड़ने में उनको क्या एतराज हो सकता ? इस के साथ जो वे जोड़ रहे हैं उसमें कितना इवेज़न हुआ है जिस पर उनको शक है और जिसके लिए वे इस विधेयक को लाकर के परिवर्तन करना चाहते हैं ?

दूसरी बात यह है कि क्लाज (4) के जरिए से कस्टम आफिसर्स को कुछ ज्यादा पावर्स दी जा–रही हैं-जैसे लेवी करने मे, रिफंड करने में, कोई झूठ बनाले तो उस सब के लिए ज्यादा पावर्स दी जा रही हैं। लेकिन मैं सोचता हूं इस पर आपको ठीक से सोचना चाहिए। कस्टम आफिसर्स खुद गो-बिटवीन हैं। वहां पर तमाम घांघली फैली हुई है। सब के सब दलाल हैं। मैं छोटी सी बात कहता हूं कि हिन्दुस्तान की सर जमीन पर यहां का नागरिक अपना बदन लेकर उतरता है तो भी कस्टम के रूप में उसको कुछ देना पड़ता हैं। **(व्यवधान)** मुझ को बम्बई पोर्ट पर चार रुपए देने पड़े थे सिर्फ क्लियरेंस के लिए, अपने देश में जाने के लिए। इसमें कोई शक नहीं कि मुझ को रसीद दी गई थी। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि क्लाज 4 के जरिए जो आप उनको पावर्स दे रहे हैं उन पर गौर से सोचना चाहिए और मशीनरी को अपटुडेट और बिजिलेन्ट बनाना चाहिए।

जहां तक सजा की बात है उसके लिए मेरा संशोधस है कि उस सजा को और सख्त होना चाहिए। इन शब्दों के साथ मैं चाहूंगा कि जो चीजें ये ऐक्ट में लाना चाहते हैं उसकी थोड़ी सफाई दे दें और मेरे संशोधनों को स्वीकार कर लें।

**श्री रणधीर सिंह** (रोहतक) : चेयरमैन महोदय, मिनिस्टर साहब जो बिल हाउस के सामने लाये हैं, इसका जो मकसद है इसकी मैं बेहद तारीफ करता हूं। जैसा उन्होंने खुद बताया कि दिल्ली का जो ऐग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट है उसको माली हमदाद देना और उस की माली हालत को सुधारने का उन का विचार है ताकि ज्यादा से ज्यादा रिसर्च बढ़े इसी लिये सैस लगाया जा रहा है, यह एक बहुत मौके की बात है। यह एक पुन्य का काम है, जैसे पीपल के पेड़ को पानी देते हैं वैसे ही यह काम इन्होंने किया है। आप कहेंगे कि यह मैं क्यों कह रहा हूं। यह इसलिए कहता हूं कि किसान अन्न देता है, सारे देश को खिलाता है। लेकिन एक हद है उसकी मेहनत की और आप खुद किसान हैं। ला आफ डिमिनिशिंग रिटर्न है जिसके मुताबिक एक सैचुरेटेट पौइंट आ जाता है, खर्च भी आप ज्यादा कर दीजिए फिर भी रिटर्न पूरा मिलता है। किसान ने काफी मेहनत की लेकिन इतना करने के बाद भी हम पूरी पैदावार नहीं ले पाते हैं जो कि उसको मिलनी चाहिये। उस सिलसिले में ऐग्रीकल्चर में जो रिसर्च का काम हुआ है यह एक इनक्लाब है। ग्रीन रिवोल्यूशन जो भारत में आया जहां किसान का उस में एक बहुत बड़ा हिस्सा था वहां रिसर्च इंस्टीट्यूशन का भी, चाहे वह पन्त नगर हो या कोयम्बटूर और कटक का इंस्टीट्यूट हो जहां कि राइस का काम होता है, चाहे लुधियाना या हिसार का इंस्टीट्यूट हो, इन सब ने जो रिसर्च का काम किया है वह भी इस रिवोल्यूशन में शामिल हैं।

यह सही बात है कि ये इंस्टीट्यूशन्स पैसे के बगैर तड़फ रहे हैं। एक एक साइन्टिस्ट को हमने देखा, जिन को देखकर दुख होता है कि जापान, अमरीका और कनाडा से अपने अपने काम में स्पेशलाइज् हो कर आये हैं लेकिन उनको यहां 200 या 300 रुपये तनख्वाह दी जाती है।

अगर बाहर के देशों को यह पता चल जाये कि हमारे यहाँ इतने अच्छे साइन्टिस्ट्स हैं और इतनी कम तनख्वाह उन को मिलती है तो वह उन को अपने यहां हजारों रु० दे सकते हैं। ये लोग देश की बड़ी भारी सेवा कर रहे हैं, देश भक्ति का काम करते है। मैंने पहले भी कहा था और आज फिर कहता हूँ कि हाइडोजन बम, एटम बम या हवाई जहाज तोड़ने के जो हथियार बनाते हैं वे साइंसिस इतना जबरदस्त काम नहीं कर रहे हैं जितना कि ऐग्रीकल्चर में लगे हुए साइंटिस्ट्स कर रहे हैं। यही लोग नैशन कंस्ट्रक्शन का काम कर रहे हैं। 50 करोड़ इन्सानों में से 40 करोड़ इन्सान देहात में रहते हैं उन का स्टैन्डर्ड आफ लिविंग किस तरह से ऊंचा हो जो किसान आज कपड़े, खाने और रहने की परेशानियों में फंसा है, उस की हालत कैसे सुधरी, इसका काम यह लोग करते हैं। जब जमीन की पैदावार बढ़ेगी तो उसकी माली हालत सुधरेगी और उसकी परेशानियां अपने आप खत्म हो जायेगी।

आप को पता है कि जो शंकर बाजरा हैं उस वैरायटी ने एक इन्कलाब ला दिया बाजरे के फील्ड में। इसी तरह से ज्वार, मक्की में और मैक्सिकन गेहूं ने गेहूं के क्षेत्र में इन्कलाव ला दिया है जिस से कई गुना पैदावार हो रही है। 50 मिलियन टन से जो हमारा उत्पादन 112 मिलियन टन पहुंचा है वह इसी की बजह से है। किसान भी एक हद तक मेहनत कर सकता है, गाड़ी की रफतार हवाई जहाज की रफतार नहीं हो सकती, ज्यादा से ज्यादा तीन, चार मील फी घन्टे ही उस की रफतार बढ़ सकती है। तो यह जो रफतार पैदावार की बढ़ी है इस में ऐग्रीकल्चरल साइंटिस्ट्स का बड़ा हाथ है। यह रफतार कोरी उनकी तारीफ करने की वजह से नहीं है, बल्कि उनका सौलिड काम इस रफ्तार के पीछे है।

मैं यह कहना चाहता हूँ कि जगह जगह पर, एक एक पेड़ के पास, बाजरे के पेड़ के पास, मक्का के पेड़ के पास, जीरी के पेड़ के पास, गन्ने के पास बैठे बैठे एक एक साइंटिस्ट बूढ़ा हो गया है। एक साइंटिस्ट हैं, जिन का नाम शायद समगत नाथ है, ने इस क्षेत्र में काफी काम किया हैं। आप के डा० स्वामीनाथन क्या हैं, मैं नाम नहीं लेना चाहता, और पता नहीं कितने लोग हैं जिन्होंने बड़ा काम किया है। इन्होंने जो इतना अच्छा काम किया है तो क्या आप इन्हें इसी तंख्वाह पर रखे रहेंगे। आप इन को पैसा दीजिए और ये कृषि उत्पादन के मामले में एक रेवोलूशन ला देंगे और हिन्दुस्तान तो क्या दुनिया भर की मंडियों को अनाज से भर देंगे। मैं मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं कि आप देखें कि इन ऐग्रीकल्चरल साइंटिस्ट्स ने कितना अच्छा काम किया है। आप के आई० सी० एस० और आ० ए० एस० जिनको आप ने चौधरी बना दिया है तो केवल आप की कुर्सियों को डेकोरेट करते हैं, लेकिन ये लोग देश की असली सेवा करते हैं। इस लिए आप इन ऐग्रीकलचरल साइंटिस्ट्स की तंख्वाहें बढ़ाएँ। अगर आप इन की तंख्वाहें बढ़ाते हैं तो किसानों, हरिजनों और वेकवर्ड लोगों की तंख्वाहें अपने आप बढ़ जाती हैं क्योंकि जो ये पैदा करेंगे वह उनके घर जायेगा। आई० सी० एस० की तंख्वाहों तो कार और लिपस्टिक खरीदने में और दूसरे ऐसे ही कामों में खत्म हो जायेंगी। इस लिए मैं आप की मारफत मन्त्री महोदय से कहना चाहता हूं कि आप इन एग्रीकल्चरल साइंटिस्ट्स की तंख्वाहें बढ़ाएं, चाहे आप औरों की तंख्वाहें घटा दें।

यह ज्यादा उपज देने वाला बीज किसने पैदा किया ? यह इन्हीं सांइंटिस्टों ने पैदा किया जिसके बारे में अभी एक भाई कह रहे थे कि मुझे थोड़ा सा यह बीज चाहिये। इस लिए मैं बड़े जोरदार शब्दों में कहना चाहता हूं कि सांइंटिस्टों की तंख्वाह बढ़ाना एक हजार पण्डितों को सुबह खाना खिलाने से बेहतर है। इसकी

[श्री रणधीर सिंह]

तंख्वाहें इतनी कम हैं कि मुझे जानकर बड़ा दुख होता है।

एक सांइंटिस्ट रो पड़ा और कहा कि हमारी इतनी कम तंख्वाह है। मैं ने कहा बेटा, घबड़ाओ नहीं सब को इसका पता है और सारी पार्लियामेंट को इसका पता है और वह आप लोगों की तंख्वाह बढ़ाना चाहती है।

सभापति महोदय, मैं यह कहना चाहूंगा कि यह देश तब तक आगे नहीं बढ़ेगा और इसमें तब तक इंकलाव नहीं आयेगा जब तक की आप यहां के 90 और 95 परसेंट लोगों का स्टेन्डर्ड आफ लिविंग हाई नहीं करेंगे। वह कैसे हाई होगा ? वह हाई होगा, जब प्रोडक्शन बढ़ेगा। इन लोगों ने इस क्षेत्र में बड़ा ईंकलाव ला दिया और बहुत सी वेराईटीज ऐसी निकाली जिससे उपज बहुत ज्यादा होने लगी। मल्टी क्रोपिंग इन्होंने करवा दिया और किसान एक एक साल साल में चार चार फसले लेने लगा। इस से इन्होंने किसानों में जान डाल दी और जो किसान पहले मालगुजारी भी नहीं दे सकता था, उसको अब कुछ पैसा मिलने लगा। वाटर मेंनेजमेंट इन्होंने किया। किसानों को जहां पता नहीं था वहां वे 50 परसेंट से ज्यादा पानी दे कर फसल को खराब कर देते थे या पानी के इन्तजार में फसल के लिए बीज बोते ही नहीं थे। हम ने देखा कि वहां खुश्क इलाकों में वाटर मैंनेजमेंट की वजह से और ट्यूनवैल्स की वजह से पेडी उगने लगी। ये सब इन्हीं की बदौलत हुआ :

तू शाही है—प्रवाज है काम तेरा

तेरा काम है—सामने आसमान तेरा।

अभी तो इन्होंने काम-शुरू ही किया है, फन्डस नहीं हैं। अगर फंडस होंगे तो मैं कहूंगा कि आप आस्ट्रेलिया, यू० एस० ए० की और अमरीका की क्या बात करते हैं सारी दुनिया में हम अनाज से मार्केटों को फ्लड कर देंगे। मैं आप की मारफत मंत्री से कहना चाहता हूं कि यह जो अमरीका द्वारा पाकिस्तान को आर्म्स देने की बात करते है, अगर इन सांइंटिस्टों द्वारा तैयार किया गया फारमूला किसानों के पास पहुंच जाए, तो उससे इतना ज्यादा पैदावार हो जाएगी कि हमको काफी पैसा मिलेगा और हम पाकिस्तान को जहां से वह निकला है वहीं घुसेड़ देंगे। अमरीका क्या है ; अगर हमारे यहाँ कृषि की पैदावार बढ़ जाए तो यहां पर एक इंकलाब आएगा। इसमें सारे पते की बात यह है कि इन्हीं साइंटिस्टों की बजह से यह हो सकता है। इन्हें आप इस चश्मे से देखें कि ये किसान हैं, यह मजदूर हैं, और इनकी तंख्वाहें हमें बढ़ानी चाहिए जिस से कि यह नई क्रान्ति ला सकें।

मैं आप की मारफत मिनिस्टर साहब को कहता हूं कि आप को बधाई है कि आपने इतना नेक काम किया है—नेक काम तो आप करते हैं क्योंकि आपके दिल में तड़फ है, किसानों के लिए आप कुछ करना चाहते हैं। आप को इसी लिए सब से टापमोस्ट प्रारटी का सबजेक्ट दिया गया है। मैं ही आपकी तारीफ नहीं करता बल्कि सभी लोग आपकी तारीफ करते हैं। आपने एक कमीशन मुकर्रर कर दिया। यह यह बहुत ही अच्छा काम आप ने किया। वह कमीश्न जो है वह भी यही बात लिख कर भेजेगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि कमीशन जो रिकमेन्ड करे उस को पार्लियामेंट को मानना चाहिये और गवंनमेंट को मानना चाहिए, नहीं तो हमें उस की मेम्वरी नहीं चाहिए। हम सारी किसानों के फायदे की बातें करेंगे। इसलिए मैं आप से अपील करता हूं और दो बार बात कहते हुए मैं चाहूंगा कि आप इन एग्रीकलचरल साइंटिस्ट्स की तन्ख्वाहें बढ़ाएं।

एक बात और है । सिर्फ एग्रीकलचरल रिसर्च की बात आप ने दिल्ली वालों के लिए ही क्यों की है । देश के दूसरे हिस्से भी हैं । मैं पंजाब और हरियाने की बात नहीं करता सारे देश किसान सेवादार हैं । महाराष्ट्र में रिसर्च इंस्टीट्यूट है । तमिलनाडु हो, उत्तर प्रदेश हो, दिल्ली हो सब जगह वही हालत है । जो भी इंस्टिट्यूट हो, सब जगह आपस मैं चौधराहट का झगड़ा है । जो भी आपकी सैंट्रल यूनिवर्सिटी हैं उन में भी वही बात है । सब कहते हैं कि हम बड़े चौधरी हैं, हम ने वह तीर मारा, हमने वह तीर मारा । मैं कहता हूं कि चाहे बाजरा हो, चाहे जगन्नाथ राइस हो, वह इन्कलाब ला देंगे । 82 दिन में बहुत बड़ी पैडी की फसल होती है । कटक यूनिवर्सिटी ने 80-82 दिन में राइस की फसल पैदा कर दिया । जगनन्नाथ हो, जया वाला हो, या जो भी बीज बतलाये गये, या आप का संकर बाजरा हो, वह इतना हो जायेगाकि रखने की जगह नहीं मिलेगी ।

हम एक देश में गये जहां दूध और घी समुद्र में डाला जाता है । आप ताज्जुब करेंगे कि यह गलत बात कहता है या सच्ची बात कहता है, लेकिन यह यही बात है । वहां दूध और घी को समुद्र में डालते हैं, जहाँ आपने हम लोगों को भेजा । मेरा मतलब नीदरलेंड्स से है । हमारे पास इतना पैसा तो है नहीं कि हम शराब पीते, हमारे बाप दादा ने उस को नहीं देखा । हमारे यहां तो दूध हैं । उन्होंने हमको सुबह एक दूध का जार दे दिया पीने के लिए । आप देखिये कि उसकी पैदावार कितनी है । कुल बीस पैसे में एक सेर नहीं, पांच सेर दूध ले लीजिए ? लेकिन वह लोग उसको अपने ही देश में इस्तेमाल करते हैं, हिन्दुस्तान और आस्ट्रेलिया नहीं भेजते । पार्लियामेंट्री डेलिसेशन वाले कहते हैं कि तुम इस मामले को क्यों नहीं उठाते कि वह दूध हिन्दुस्तान को दिलाया जाये ? किसान के बच्चे ने गंगा देखी है । तुम्हारे तो बाप ने भी नहीं देखी होगी । हम से वह कहते हैं कि हम दूध भेजने के लिए कहें । हम उनके बाप दादों को दूध भेजेंगे । हमारा देश तो सारे संसार को खिलाने वाला देश रहा है । वह वक्त फिर हमारे देश में आ सकता है जब हमारे यहां दूध और घी की नदियां बहेंगी । वह दिन हमारे यहां रह चुका है, अगर जैसा इस बिल में कहा गया है हर इंस्टिट्यूट में रिसर्च हो और बढ़िया से बढ़िया गायें और भैंसें तैयार की जाएं । हम अपने यहां अच्छी से अच्छी वेरायटी के ऐनिमिल्स पैदा करें और हमारे यहां शानदार मेकदार में दूध और घीं हो ।

लेकिन इस सब काम को रोकने के लिए पैसे की कमी है हिन्दुस्तान में हम पैसे कहां से लायेंगे ? कटक यूनिवर्सिटी में हम ने देखा कि तीस साल से वही गायें और भैंसें पाल रक्खी हैं, वही बुल बांध रक्खे हैं । इतने दिनों में वहां कोई तब्दीली नहीं हुई । (**व्यवधान**) जो लोग बोल रहे हैं उन को शर्म आनी चाहिये । यह दूकानदारी की बात नहीं है, डंडी मारने की बात नहीं है, चोरबाजारी की बात नहीं है । आज इन लोगों ने देश पर जबंदस्ती कब्जा जमा रक्खा है । आज इन लोगों को किसान के साथ क्या हमदर्दी हो सकती है ? जब बात आती है किसान की तब वह अखबारों में छपती नहीं है । जब बात आती है पार्लियामेंट में तब यहां पर लोग ऊटपटांग मुस्कराने की कोशिश करते हैं । आखिर इस देश को किसान लोगों को ही बड़ा बनाना है । आज उन की तादाद सारे मुल्क के अन्दर 80-82 फीसदी है । जो उन की मुखालीफत करेंगे उन की नाव यहां आकर डूब जायेगी यह पते की बात है ।

मैं मिनिस्टर साहब से कहना चाहूंगा कि हर इंस्टिट्यूट में, न सिर्फ दिल्ली में बल्कि दूसरी जगहों पर भी पूरा कोआर्डिनेशन किया जाय । जहाँ जहां पर आपने साइंटिस्ट भेजे हुए हैं वहां

[श्री रणधीर सिंह]

मुख्तलिफ किस्म की रिसर्च हो। कोई खास गेहूं की रिसर्च की बात मैं नहीं कह रहा हूं। चावल की रिसर्च हो, गन्ने की रिसर्च हो, ग्राउंड नट की रिसर्च हो, काटन की रिसर्च हो। मैं आप की मार्फत मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं कि अगर मैं महाराष्ट्र का नाम लूं तो वह घबरा न जाए। वह सारे देश हैं और हमको सारे देश की बात कहनी है, सिर्फ दिल्ली की नहीं। वह कोआर्डिनेशन करें, सब जगह पैसा भेजें। तीस चालीस साल से साइंटिस्ट काम कर रहे हैं, उनको पूरी तंख्वाह दी जाये। आज वह कई हजार रुपये के मुस्तहक हैं, लेकिन उन को दो-दो और तीन तीन सौ रुपये तंख्वाह दी जा रही है। मैं कोई जज्बात की बात नहीं कह रहा हूं। यहां झंडी लेकर बनर्जी खड़े हो जाते हैं कि लिविंग वेज चाहिये। यह सौदागरी नहीं है। जो असली काम करते हैं वह झंडी लेकर नहीं आते, बनर्जी को भी उन के नजदीक नहीं आना चाहिए। अगर वहां बनर्जी पहुंच जायें तो वह लोग उन की गर्दन पकड़ लें। मैं ने साइंटिस्ट्स से कहा कि बड़ें ताज्जुब की बात है कि इतनी कम तंख्वाह तुम को मिल रही है। तुम्हारी तंख्वाह बढ़नी चाहिये, क्यों तुम कमिशन से नहीं कहते ? पता है उन्होंने क्या जवाब दिया ? कहने लगे कि साहब तंख्वाह हम नहीं चाहते। हम चाहते हैं अपार्चूनिटी रिसर्च के लिए। यह तो प्रोफेसर का जवाब है। यह तंख्वाह नहीं चाहते। अपनी दुकान खोलकर हजारों रुपयों का ब्लेक वह कर सकते हैं, इम्पूर्वड सीड्स पैदा करके वह साइलैंड रिवोल्यूशन कर सकते हैं। वह कुर्बानी करते हैं, बेहतरीन देशभक्त हैं, उन को कई कई हजार रुपये तंख्वाह मिल सकती हैं, लेकिन 200 और 300 रुपये तंखाह ले रहे हैं। आप उनकीं कंडिशन को सुधारें। वह देश के भले की बात है। मैं दुबारा मिनिस्टर साहब को शाबाश देता हूं। इस किस्म की चीज सारे हिन्दुस्तान में आप करें, कोऑर्डिनेशन आप करें ताकि देश का लाभ हो, किसानों को लाभ हो, देहातों को लाभ हो, हरिजन और बैक्वर्ड भाइयों को फायदा हो और क्रान्ति जो बीस परसेंट आई है, दो सौ परसेंट आए और हम दुनिया को लाद दें गेहूं आदि से और यह देश एक महान देश बने।

**श्री अब्दुल गनी डार** (गुड़गांव) इस बिल का जो मकसद है। उससे में सौ परसेंट इतफाक करता हूं श्री रणधीर सिंह ने जोश में बात कही है। अगर वाकई में किसान की हालत अच्छी होती है तो सभी खुश होंगे। भाई रणधीर सिंह को पता होना चाहिए कि साइंटिस्ट तो खिदमत करेंगे और उनको करनी चाहिए और उन को जितने इनकरेजमेंट दी जाए, कम है। लेकिन पचास परसेंट किसान ऐसे हैं जिन के पास पांच एकड़ से भी कम जमीन है और उनको रिसर्च का कोई लाभ नहीं पहुंचता है। उनको न पानी मिलता है और न कोई दूसरी मदद मिलती है। यही कारण है कि हरिजनों को, आदिवासियों को तथा दूसरे लोगों को जो जमीनें दी गई हैं उन से वे फायदा नहीं उठा सके हैं और उनके पास जो जमीनें थीं वे भी उजड़ गई हैं। किसान की प्रोड्यूक्स कितनी बढ़ी हैं ? यह कहा जाता है कि साइंटिस्ट्स की वजह से ही हम चार चार पैदावारें लेने लगे हैं। अगर किसान की हालत अच्छी हुई होती और जो अस्सी परसेंट हैं उन की हालत बेहतर हुई होती तो दूध और घी की नदियां बह जाती और हिन्दुस्तान जो कि जमाने में सोने की चिड़िया हुआ करता था, फिर से सोने की चिड़िया बन जाता।

आप सिर्फ सहारा ढूंढते हैं, सैस लगाकर एमेंडिंग बिल लाकर। इसी तरह से आप किसान को खुश करना चाहते है। तकरीरें करके किसान को खुश करना चाहते हैं। इससे बात नहीं बनेगी। इस देश का साठ परसेंट सिपाहियों पर, और दुनिया को तबाह और बरबाद करने

पर या अपने विरोधियों का मुकावला करने पर लग रहा है। उस हालत में क्या आप समझ सकते हैं कि किसान की हालत बेहतर हो जाएगी ? अगर आप समझते हैं कि हो जाएगी तो मैं ऐसा नहीं मानता हूँ। सैंस पर मुझे कोई एतराज़ नहीं है, कोई बहस नहीं है। साइंटिस्ट अगर कोई अच्छा काम करते हैं और वह किसान की भलाई में चीज काम आती है, तो किसान की हालत बेहतर होगी। लेकिन मैं समझता हूँ कि किसान की हालत आज बदतर है। करोड़ों नहीं बल्कि लाखों की फ़सल उनकी फ्लड्स की नजर हो जाती, जो बेचारे पैदा करते हैं, वह फ्लड्स की नजर हो जाता है। क्या साइंटिस्ट दिमाग लड़ाएंगे कि किस तरह से फलड्ज को रोका जा सकता है। 23 बरस आपको राज करते हो गए हैं। आज तक कितने अरब रुपये की फसल आपने किसान की डुबोई हैं, क्या इसका आप जवाब देंगे ? क्या आप भी इस पर दिमाग लड़ाएंगे ? ब्रह्मपुत्र जिस की बजह से हर साल तबाही आती हैं उसके पानी को किस तरह से काबू में लाया जाए, क्या आप इस पर विचार करेंगे, क्या वहां डैम बना कर किसानों को पानी आप नहीं दे सकते हैं और क्या इसी तरह के काम दूकरे स्थानों पर नहीं कर सकते हैं ? यहां पर बातें तो बहुत होती हैं लेकिन वास्तव में होता बहुत कम है।

पाकिस्तान को रूस और यू एस ए से जो हथियार मिल रहे हैं, उसकी भी बहुत चर्चा होती है कि वह तो एक चिड़िया है, बकरी है लेकिन तुम तो हाथी हो : हाथी हो कर क्यों उसकी निन्दा करते हो। अगर तुम को मुकाबला करना ही है तो चीन का करो। चीन ने जिस तरह से अपनी पैदावार बढ़ाई है उस तरह से तुम भी अपनी पैदावार बढ़ाओ। उसके साथ अपनी पैदावार को मिलाओ। चीन ने थोड़े वक्त में गेहूं आदि की पैदावार हम से कही ज्यादा कर ली है, खुराक की पैदावार कही ज्यादा कर ली है। यू एस ए या किसी दूसरे देश का वह मुहताज नहीं है जबकि हम हैं।

साइंटिस्ट काबिले मुबारिकवाद हैं कि उन्होंने बेहतरीन से बेहतरीन बीज बनाने की कोशिश की है जिससे पैदावार बढ़ सके। लेकिन उस बीज का इस्तेमाल कितना हुआ है। मैं देखता हूं कि अब भी आप बाहर से गल्ला मंगाते हैं। किसान जो गरीब है वह उसका इस्तेमाल कर नहीं पाता हैं। रणधीर सिंह जी कर पाते हों तो मुझे पता नहीं है। हो सकता है कि वह उन दस में से एक हों जिन के पास पचास स्टेंडर्ड एकड़ से ज्यादा जमीन हो।

**श्री रणधीर सिंह** : मेरे पास ढाई भी नही है।

**श्री अब्दुल गनी डार** : तो आपके और मेरे लिए कोई जगह नहीं है ऐस बिल के आने से। किसान का भला होने वाला नहीं है। अगर सरकार किसान का भला चाहती है, तो वह कोई ऐसी शक्ल निकाले कि फौज पर हमारा खर्च कम हो। यह सरकार पाकिस्तान और चाइना से अच्छे ताल्लुक़ात कायम करने की कोशिश क्यों नहीं करती हैं; आखिर किस खुदा ने कहा है कि हमेशा दिमाग में यही बात रखी जाये कि वे हमारे दुश्मन हैं। इस वक्त हमारा साट परसेंट खर्चा फौज पर हो रहा है, एग्रीकल्चर पर नहीं। इस सेस का असर भी तो गरीब लोगों पर ही होने वाला है। कोई बिड़ला और टाटा इस में नही फंसेगें।

हमारे साइंटिस्टस तो बहुत कोशिश करते हैं, लेकिन आज हालत यह है कि दूसरे लोग जो डैम बनाते हैं, उन में शिगाफ हो जाते हैं, डैम वह जाते हैं और सैकड़ों आदमी वह जाते हैं, जैसे कि यू० पी० में पाँच सौ आदमी वह गये। इस हालत में साइंटिस्ट क्या करेगा और सेस भी क्या करेगा ? हमारे मुल्क में इतना बड़ा पब्लिक सैक्टर कायम किया गया है, किसानों ने मेहनत की है, साइंटिस्ट्स ने अपनी काबलियत दिखाई है। लेकिन आज

[श्री अब्दुल गनी डार]

हमारी पर केपिटा इनकम एक गरीब से गरीब मुल्क से भी कम है। श्रीमती इन्दिरा गांधी क्या इस बारे में कोई जबाव दे सकेंगी ?

मुझे इस बात से कोई तकलीफ नहीं है कि मेरीं बहन, श्रीमती इन्दिरा गांधी, ने अपने बेटे को तरक्की का मौका दिया। देना चाहिए। क्यों न दें ? प्राइम मिनिस्टर होने की बजह से उन बेचारी पर कोई पाबन्धी नहीं लग जाती है कि अगर उन के बच्चे का दिमाग चलता है, तो उस को मौका न दिया जाये। लेकिन यह सजता नहीं है कि कोई ताकत में हो और ......(व्यवधान).........मैं कोई चोट नहीं करना चाहता हूं। मैने कहा है कि मुझे इस से कोई तकलीफ नही है, लेकिन उन को भी यह चाहिए था कि वह अपनी तरफ देखने के बजाये श्री रणधीर सिंह या किसी किसान के लड़के को यह मौका दे देतीं।

श्री रणधीर सिंह ने इस बारे में जानवरों का जिक्र किया है। मैं आपने आप को भी शामिल कर के कहना चाहता हूं, "दी शेख वा चिराग, हमां गश्त गिर्दे शहर, कजदामों दद मलूलमो इन्सानम आरजूस्त।" आज से नौ सौ बरस पहले मौलाना रूमी ने कहा कि हम ने इन्सान ढूंड़ने की कोशिश की, लेकिन चौपाये मिले, दरिन्दे मिले, मगर इन्सान नहीं मिले।

सरकार यह सैय जरूर लगाये, लेकिन वह यह भी सोचने कि कोशिश करे कि आज हमारा देश किस तरफ जा रहा है और आया किसान को इत्मीनान की जिन्दगी मुयस्सर हैं कि वह साइंटिस्टस के दिमाग का पूरा फायदा उठा सके। आज साइंटिस्ट के दिमाग का फायदा यह है कि घर घर में देसी बम बन रहे हैं। दिल्ली में और पलबल में छुरा दिखा कर किसानों को लूट लिया जाता है।

मुझे खुशी है कि मिनिस्टर साहब यह एक अच्छा बिल लाये हैं, लेकिन अगर सरकार बाकई किसान की मदद करना चाहती है, तो वह पाकिस्तान और चाइना के साथ अपने ताल्लुकात को अच्छा बनाये। याहिया खां ने कहा है कि काश्मीर में दोनों तरफ से फौजें हटा ली जायें। सरकार अपनी फौजें हटा लें। हम बहुत बड़ी ताकत वाले हैं।

**सभापति महोदय** : मैं माननीय सदस्यों से कहना चाहता हूं कि फिनांस बिल या प्रेजिडेंट के एड्रेस के समय ये सारी बातें कही जा सकती हैं। तो यह पाकिस्तान का और चाइना का सम्बन्ध इस बिल से नहीं हो जाता है या कार का सम्बन्ध इस से नहीं है। इसलिए आप लोगों से निवेदन है कि जो विषय है उसी पर स्टिक कीजिए।

**श्री अब्दुल गनी डार** : मैं आप का हुकम मानूंगा। यह तो चूंकि रणधीर सिंह ने यह बात छेड़ी थी और आप ने एतराज नहीं किया था इसलिए मैंने समझा कि चेयरमेन साहब की खुशी इस में है कि यह बात भी आती है तो आ जाय।

मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि आप साइंस की जो भी खिदमत करना चाहते हैं उस के लिए आप ने क्या स्कीम बनाई यह जरा आप सोचें। क्या यह सच नहीं कि हमारे एक साइंटिस्ट डा० जोसेफ ने आत्म हत्या कर ली ? क्या उसे अपने बच्चों का पेट भरने का अधिकार नहीं ? वगैर तनख्वाह के तो कोई भी काम नहीं कर सकता यह बात केवल कहने की है। वगैर तनख्वाह के न हम यहां आ सकते है न कोई आ सकता है। इसलिए उन को पूरा एन्करेमेंट मिलना चाहिए। आप ने हैयर का जिक्र किया, किस चीज का हैयर ? भेड का हैयर, बकरी का हैयर, ऊंट का हैयर, सुअर का हैयर और इस में हाथी के दांत को शामिल करना चाहते हैं

तो कर लीजिए । इस में क्या तकलीफ की बात हो सकती हैं ? किसान बेचारे के पास तो हाथी इतने हैं नहीं । तो आप करना चाहते हैं करिए । बाकी रस्टर अधिकारी के लिए जो इस में प्रोविजन किया वह अच्छा किया क्यों सरकार का जो यह काम है, यही इस को कामयाव कर सकता है, वही इस सेस को कामयाव करा सकता है । तो मैं इस की ताईद करता हूं और अपने मिनिस्टर साहब को और अपनी बहन इन्दिरा जी को मुबारक देता हूँ कि वह यह खिलौने दे कर बहलाना चाहती हैं । हम भी इस चीज को समझते हैं :

तमन्नाओं में उलझाया गया हूं ।
खिलौने दे कर बहलाया गया हूं ।

लेकिन इस ठगी से आप बचने वाले नहीं हैं । इस ठगी से आप की सरकार रहने वाली नहीं है । यह बिलकुल ठगी है । आप यह ख्याल न करें कि इस से किसान की तसल्ली हो जायगी । यह होने वाली नही है । आप अपने दिमाग को साफ कीजिये और अपनी पावर जो एब्यूज करते हैं वह एब्यूज करना बन्द कीजिये ; तब जा कर कुछ हो सकता है ।

شری عبدالغنی ڈار (گڑگاؤں): اس بل کا جو مقصد ہے اس سے میں سو پرسنٹ اتفاق کرتا ہوں۔ شری رندھیر سنگھ نے بڑے جوش میں بات کہی ہے اگر واقعی کسان کی حالت اچھی ہوتی ہے تو سبھی خوش ہوں گے۔ بھائی رندھیر سنگھ کو پتہ ہونا چاہیئے کہ سائنٹسٹ تو خدمت کریں گے اور ان کو کرنی چاہیئے اور ان کو جتنی ایکنالجمنٹ دی جائے کم ہے۔ لیکن پچاس پرسنٹ کسان ایسے ہیں جن کے پاس پانچ ایکڑ سے بھی کم زمین ہے۔ ان کو لیبرٹری کا کوئی لابھ نہیں پہنچتا ہے۔ ان کو نہ پانی ملتا ہے اور نہ کوئی دوسری مدد ملتی ہے۔ یہی کارن ہے کہ ہریجنوں کو، آدیواسیوں کو تھا

دوسرے لوگوں کو جو زمینیں دی گئی ہیں ان سے وہ فائدہ نہیں اٹھا سکے ہیں اور ان کے پاس جو زمینیں تھیں وہ بھی اجڑ گئی ہیں۔ کسان کی ... پرسنٹیج کتنی بڑھی ہے۔ یہ کہا جاتا ہے کہ سائنٹسٹ کی وجہ سے ہی ہم چار چار پیداوار لینے لگے ہیں۔ اگر کسان کی حالت اچھی ہوتی اور واستو میں ان کی حالت بہتر ہوتی ہے تو دودھ اور گھی کی ندیاں بہہ جاتیں اور ہندوستان جو کہ ایک زمانے میں سونے کی چڑیا ہوا کرتا تھا پھر سے سونے کی چڑیا بن جاتا۔ آپ صرف سہارا ڈھونڈتے ہیں سیس لگا کر . . . امینڈنگ . . . بل لا کر۔ اس طرح سے آپ کسان کو خوش کرنا چاہتے ہیں۔ تقریریں کر کے کسان کو خوش کرنا چاہتے ہیں۔ اس سے بات نہیں بنے گی۔ اس دیش کا سائنٹسٹ سپاہیوں پر، اور دنیا کو تباہ اور برباد کرنے میں۔ یا اپنے ورودھیوں کا نقصان کرنے پر لگا رہا ہے۔ اس حالت میں کیا آپ سمجھ سکتے ہیں کہ کسان کی حالت بہتر ہو جائے گی۔ اگر آپ سمجھتے ہیں کہ ہو جائے گی تو میں ایسا نہیں مانتا ہوں۔ سیس پر مجھے کوئی اعتراض نہیں ہے کوئی بحث نہیں۔ سائنٹسٹ اگر کوئی اچھا کام کرتے ہیں اور وہ چیز کسان کی بھلائی میں کام آتی ہے تو کسان کی حالت بہتر ہوگی لیکن میں سمجھتا ہوں کہ کسان کی حالت آج بدتر ہے۔ کروڑوں نہیں بلکہ اربوں کی فصل ان فلڈز کی نذر ہو جاتی ہے۔ جو بیچارے بھیا اپنے ہیں وہ فلڈز کی نذر ہو جاتا ہے۔ کیا سائنٹسٹ دماغ لڑا بیٹھیں گے ... کہ کس طرح سے فلڈز کو روکا جا سکتا ہے۔ ۲۳ برس آپ کو راج کرتے ہو گئے ہیں آج تک کتنے ارب روپے کی فصل آپ کے کسان کی ڈوب گئی ہے۔ کیا اس کا آپ جواب دیں گے۔ کیا آپ بھی اس پر دماغ لڑا بیٹھیں گے۔ یہ ہم بہتر جس کی وجہ سے ہر سال تباہی آتی ہے اس کے پانی کو کس طرح سے قابو

میں لایا جائے۔ کیا آپ اس پر دھیان کریں گے۔ کیا وہاں ڈیم بنا کر کسانوں کو پانی آپ نہیں دے سکتے ہیں اور کیا اس طرح کے کام دوسرے صوبوں پر نہیں کر سکتے ہیں۔ یہاں پر بابیں تو بہت ہوتی ہیں لیکن واستو میں ہونا بہت کم ہے۔

